Title: Need to release funds for early completion of Rani Awantibai Sagar Project at Jabalpur in Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में नर्मदा घाटी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम परियोजना के रूप में रानी अवंती बाई सागर परियोजना जो कि पूर्व में बरगी बहु-उद्देशीय परियोजना के नाम से जानी जाती थी। जबलपुर जिले के ग्राम बरगी के पास नर्मदा नदी पर 1971 में प्रारम्भ की गई थी जिसका मुख्य बांध 1974 में बनकर तैयार है जिसके कारण 3180 मिलियन घनमीटर पानी क्षमता के विशालकाय जलाशय का निर्माण हो चुका है। इस परियोजना का मूल उद्देश्य बार्यी तथा दार्यी तट नहर के द्वारा जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी, सतना तथा रीवा जिलों में लगभग 3 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित करना था जिसके लिये बायां तथा दायां नहर जल द्वार भी बनकर वर्षों से तैयार है। बार्यी तट नहर का खुदाई तथा मिट्टी का कार्य लगभग पूर्ण है, पक्के कार्य तथा सी.सी.लाइनिंग न होने के कारण अभी तक किसी भी स्तर पर प्रारम्भ नहीं हुआ है। इस बांध में जनता का अरबों रुपया खर्च हो चुका तथा हजारों हैक्टेयर कृषि भूमि तथा वन डूब क्षेत्र में आ गये तथा सैंकड़ों ग्रामों के हजारों लोग विस्थापित हो गये। अभी तक मात्र 25 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई क्षमता प्राप्त की जा सकी है।

केन्द्र शासन से आग्रह है कि नहरों के निर्माण की समय सीमा निर्धारित कर पर्याप्त वितीय आबंटन प्रदान करें जिससे इस बांध का लाभ शीघ्र जनता प्राप्त कर सके।